# रक्तदान शिविर

## दिनांक- 03.11.2023











कालेज छात्र छात्राओं ने किया रक्तदान

धमतरी। पीजी कालेज धमतरी में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में विद्यार्थियों ने 25 यूनिट रक्तदान किया। डॉ देवाशीष हाजरा क्रीड़ा अधिकारी, प्रो. दिनेश्वर सलाम एनएसएस एनसीसी अधिकारी, प्रो. भूपेंद्र साहू के साथ एनएसएस, एनसीसी, रेडक्रॉस, रेड रिबन क्लब के सदस्य तथा विभिन्न विभाग के छात्र छात्राओं ने रक्तदान किया। जिला अस्पताल के पैथोलॉजिस्ट डॉ आदित्य सिन्हा ने लोगों को रक्तदान के फायदे बताए और छात्र- छात्राओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे ने कहा कि कालेज में हमेशा ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए और अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर निरंजन कुमार ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक करना तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता करना है। शिविर में एनएसएस प्रभारी प्रो निरंजन कुमार, एनसीसी प्रभारी दिनेश्वर सलाम, रेडक्रॉस प्रभारी प्रो. कृष्णकांत देवांगन तथा एनएसएस तथा एनसीसी के स्वयंसेवक अपर्णा, लीना, विभा, केशर, योगेंद्र, कुशल, बीसमती उपस्थित थे।






शिविर में 25 लोगों ने किया रक्तदान

धमतरी। पीजी कॉलेज में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर।

6/11/23

भास्कर न्यूज़ | धमतरी

पीजी कॉलेज धमतरी के एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब और रेडक्रॉस द्वारा 4 नवंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 25 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में क्रीड़ा अधिकारी, प्रो. दिनेश्वर सलाम, प्रो भूपेंद्र साहू के साथ ही एनएसएस, एनसीसी, रेडक्रॉस व रेड रिबन क्लब के सदस्यों व विद्यार्थी शामिल हैं।

शिविर में जिला अस्पताल धमतरी के पैथोलॉजिस्ट डॉ. आदित्य सिन्हा ने सभी को रक्तदान से जुड़े फायदे, महत्व के साथ ही रक्तदान से संबंधित नियमों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रोफेसर निरंजन कुमार, प्रोफेसर कृष्णकांत देवांगन, अर्पणा, लीना, विभा, केशर, योगेंद्र, कुशल के साथ अन्य मौजूद रहे।



कॉलेज में आयोजित हुआ शिविर विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

धमतरी। एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब तथा रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में पीजी महाविद्यालय धमतरी में रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के मार्गदर्शन में किया गया। इस शिविर में 25 यूनिट विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। वहीं डॉ देवाशीष हाजरा क्रीड़ा अधिकारी, प्रो दिनेश्वर सलाम एनएसएस एनसीसी अधिकारी, भूपेंद्र साहू के साथ एनएसएस, एनसीसी, रेडक्रॉस, रेड रिबन क्लब के सदस्य तथा विभिन्न विभागों के छात्र छात्राओं ने रक्तदान किया। जिला अस्पताल धमतरी के पैथोलॉजिस्ट डॉ आदित्य सिन्हा ने रक्तदान कब और कौन कर सकता है के बारे में जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने रक्तदान करने वाले छात्र-छात्राओं की सराहना कर कहा कि कॉलेज में हमेशा ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए और ऐसे ही अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर निरंजन कुमार ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक करना तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता करना है। शिविर को सफल बनाने में एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर निरंजन कुमार, एनसीसी प्रभारी प्रोफेसर दिनेश्वर सलाम, रेडक्रॉस प्रभारी प्रोफेसर कृष्णकांत देवांगन तथा एनएसएस तथा एनसीसी के स्वयं सेवक अपर्णा, लीना, विभा, केशर, योगेंद्र, कुशल, बीसमती का सहयोग रहा।

रक्तदान महादान को सकार करते हुये महाविद्यालय के एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों , एनसीसी कैडेट्स, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी,महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थी तथा महाविद्यालयीन स्टाफ ने रक्तदान शिविर में रक्त दे कर जरूरतमंदों की सहायता में अपना अमूल्य योगदान दिया। जिसके लिये महाविद्यालय की प्राचार्य ने रक्तदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित कर शुभकामनाएं प्रेषित की।

Scanned with OKEN Scanner